**प्रेस नोट**
**दिनांक 14.07.2026**

## थाना को0मनकापुर पुलिस द्वारा आत्महत्या हेतु उकसाने के 01 आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

**कार्यवाही-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री उदित नारायन पालीवाल के नेतृत्व में थाना को0मनकापुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 287/2026 धारा 108 बीएनएस से सम्बन्धित 01 आरोपी अभियुक्त- राजकुमार पुत्र गौरीप्रसाद निवासी बक्सरा आज्ञाराम तिलकपुर थाना को0मनकापुर जनपद गोण्डा को नवडिहवा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 13.07.2026 को वादी पाटन पुत्र स्व0 नीवर निवासी ग्राम सिसई भीखपुर मजरा डुडवा थाना मनकापुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0मनकापुर में लिखित तहरीर दी कि उनकी लड़की का विवाह विपक्षी राजकुमार पुत्र गौरी से 15 वर्ष पूर्व हुआ था, जिनसे 02 बच्चे है। शादी के बाद से ही उनके पुत्री को छोटी छोटी गलती निकाल कर अक्सर मारपीट कर प्रताडित करते थे। जिससे तंग आकर वादी की पुत्री ने दिनांक 12.07.2026 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0मनकापुर में मु0अ0सं0-287/2026 धारा 108 बीएनएस बनाम राजकुमार आदि 03 नफर अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

आज दिनांक 14.07.2026 को थाना मनकापुर पुलिस टीम द्वारा आरोपी अभियुक्त - राजकुमार पुत्र गौरीप्रसाद निवासी बक्सरा आज्ञाराम तिलकपुर थाना को0मनकापुर जनपद गोण्डा को नवडिहवा चौराहे पास से गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना मनकापुर पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. राजकुमार पुत्र गौरीप्रसाद निवासी बक्सरा आज्ञाराम तिलकपुर थाना को0मनकापुर जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-287/2026 धारा 108 बीएनएस थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 लाल जी
02. हे0का0 अजय गुप्ता
03. हे0का0 दीपेन्द्र प्रताप सिंह

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 14.07.2026**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा उ0प्र0होमगार्ड सीधी भर्ती-2025 के अन्तर्गत पुलिस लाइन गोण्डा में चल रही अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) प्रक्रिया का निरीक्षण कर भर्ती प्रक्रिया के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु संचालन हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

गोण्डा। आज दिनांक 14.07.2026 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा **उ0प्र0 होमगार्ड सीधी भर्ती-2025** के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण(डीवी/पीएसटी) हेतु पुलिस लाइन में बनाए गए बोर्ड का निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा अभ्यर्थियों के प्रवेश द्वार, बायोमैट्रिक स्थल, अभ्यार्थियों के होल्डिंग एरिया/बैठने के स्थान व डीवी/पीएसटी स्थल पर लगाए गए सी0सी0टी0वी0 कैमरों की स्थिति को चेक सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था (परीक्षण संचालन/सुरक्षा) के अधिकारियों को डीवी/पीएसटी की जो नियम एवं शर्ते है, उनके अनुरूप ही सभी अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण किए जाने तथा किसी भी प्रकार की कोई अनियमिता न होने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को उनके कर्तब्यों के प्रति सतर्क और जिम्मेदार रहने हेतु निर्देशित किया गया।
**उ0प्र0 होमगार्ड सीधी भर्ती-2025** की लिखित परीक्षा के आधार पर चयन के अगले चरण में अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा जनपद गोण्डा में दिनांक 13.07.2026 से दिनांक 06.08.2026 तक होना प्रस्तावित है। जिसमें कुल 1190 अभ्यर्थी (499 महिला व 691 पुरुष) प्रतिभाग करेंगे। उक्त कार्यवाही प्रतिदिन प्रातः 09.00 से प्रारम्भ होकर 17.00 बजे तक संपादित की जाएगी। उक्त कार्यवाही के दौरान अभ्यार्थियों द्वारा की गयी आपत्तियों का परीक्षण एवं उस पर निर्णय की कार्यवाही नोडल अधिकारी/अपीलीय अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। डीवी/पीएसटी स्थल की लगातार सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी की जाएगी। भर्ती की सुचिता बनाए रखने के लिए गोपनीय और ओपनली दोनो प्रकार की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**